# अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 5 जुलाई 2025
आषाढ़ शुक्ल-दशमी
विक्रम संवत-2082


**PAGE NO 8 : TOP**



श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज के 24वें स्थापना दिवस पर मौजूद अतिथि। स्रोत : संस्थान

# आईसीयू में 21 दिन से ज्यादा भर्ती मरीज से नहीं लेंगे बेड और नर्सिंग शुल्क : देवमूर्ति

## एसआरएमएस के स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट कार्यों को मिला सम्मान

### मरीजों और परिजनों को 12 रुपये में मिलेगा भोजन

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने आईसीयू में 21 दिन से ज्यादा भर्ती होने वाले मरीजों से बेड और नर्सिंग शुल्क न लेने समेत मरीज और उनके परिजन को 12 रुपये में भोजन देने की घोषणा की है। उन्होंने यह ऐलान श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल कॉलेज के 24वें स्थापना दिवस पर किया। निर्णय के मुताबिक स्टाफ के 50 लोगों को भी 10 रुपये में भोजन मिलेगा।

स्थापना दिवस के कार्यक्रम में चेयरमैन देवमूर्ति ने 250 बेडे वाले आईसीयू और ट्रॉमा यूनिट के निर्माण की जानकारी दी। इससे पूर्व चेयरमैन ने मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का शुभारंभ पिता दिवंगत श्रीराम मूर्ति (स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व मंत्री) के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। हवन-पूजन के बाद केक काटकर विद्यार्थियों ने चेयरमैन देवमूर्ति को जन्मदिन की बधाई दी। मेडिकल साइंस सप्लीमेंट 'वन', एसआरएमएस मेडिकल जैनरल और मेडिकल एजुकेशन यूनिट की मैगजीन कनेक्ट-2025 का भी विमोचन किया गया।

गुड लाइफ हॉस्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति, ट्रॉमा, इमरजेंसी मेडिसिन एचओडी डॉ. योगेश चेट्टी समेत 40 लोगों ने ब्लड बैंक में रक्तदान किया। डायरेक्टर (एडमिनिस्ट्रेशन) आदित्य मूर्ति ने बताया कि देश की नामचीन पत्रिका ने सर्वे के बाद 783 मेडिकल कॉलेजों की रैंकिंग में एसआरएमएस को 37वां स्थान दिया है।

#### इन्हें मिला प्रशंसा पत्र

मेडिकल कॉलेज के क्रिटिकल केयर, रेडिएशन ऑकोलॉजी, मेडिकल एजूकेशन यूनिट, इमरजेंसी व ट्रॉमा मेडिसिन, क्वालिटी विभाग को विशेष प्रशंसा पत्र मिला। पैथोलॉजी एचओडी डॉ. तनु अग्रवाल, डर्मेटोलॉजी एचओडी डॉ. प्रतीक गहलोत, रेडियो डायग्नोसिस के प्रोफेसर डॉ. नीरज प्रजापति, डॉ. नम्रता सिंह, रेस्पिरेटरी के डॉ. यतिन मेहरा, कम्यूनिटी मेडिसिन की डॉ. रूपाली गुप्ता, रेडिएशन ऑकोलॉजी के डॉ. सिलंबरासन सिवाजी, कम्युनिटी मेडिसिन के रवि कुमार, जनरल मेडिसिन एचओडी डॉ. एसके सागर, इमरजेंसी व ट्रामा मेडिसिन के डॉ. हर्षित अग्रवाल को विशिष्ट प्रशंसा पत्र मिला। विभागों में कार्यरत 19 लोगों को प्रशंसा पत्र समेत पांच हजार रुपये पुरस्कार मिला। शोध कार्य में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर एमबीबीएस के 10 विद्यार्थियों को 2100 रुपये नकद पुरस्कार दिए और उनके गाइड सम्मानित किए। सेवानिवृत्त कर्मी भगवत सरन, मुकद्दर अली को उपहार मिले।